मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

सोमवार, दिनांक 10 मार्च, 2025 (फाल्गुन 19, 1946)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:02 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर) पीठासीन हुए.

1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान.

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

2. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण.

सदन द्वारा राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा की गई.पूर्वाह्न 11:12 बजे श्री मंगुभाई पटेल, राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.

राज्यपाल महोदय ने अभिभाषण के पश्चात्, पूर्वाह्न 11:34 बजे चल समारोह के साथ सभा भवन से प्रस्थान किया.

3. विशेष उल्लेख.

भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बधाई.

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, श्री कैलाश विजयवर्गीय, संसदीय कार्य मंत्री एवं श्री उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी गई.

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह उल्लेख करते हुए कि- "अत्यंत हर्ष का विषय है कि भारतीय क्रिकेट टीम ने लगातार तीसरी बार दुबई क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैण्ड टीम को हराकर चैम्पियन ट्राफी जीती है इससे हमारा देश व हम सभी गौरवान्वित हुए हैं. भारतीय क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि के लिए टीम के कप्तान एवं सभी सदस्यों और देशवासियों को सदन की ओर से हार्दिक बधाई दी गई."

4. राज्यपाल महोदय का अभिभाषण (कमश:)

अध्यक्ष महोदय ने यह घोषणा की कि- "राज्यपाल महोदय द्वारा अपने अभिभाषण में अधिकांश पैराग्राफ पढ़े गए हैं. शेष समस्त पैराग्राफ पढ़े हुए माने जाएंगे तथा अभिभाषण पटल पर रखा माना जाएगा."

5. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव की प्रस्तुति.

श्रीमती अर्चना चिटनीस, सदस्य ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि :-
"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं."

श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, सदस्य ने इसका समर्थन किया.

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ.

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह घोषणा की गई कि- "राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए मैं, दिनांक 11 एवं 13 मार्च, 2025 का समय नियत करता हूँ. जो माननीय सदस्य कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन देना चाहते हों, वे आज सोमवार दिनांक 10 मार्च, 2025 को सायंकाल 4:00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दे सकते हैं."

6. निधन का उल्लेख.

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोद्गार व्यक्त किये गये :-
(1) डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री,
(2) श्री जुगल किशोर गुप्ता, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(3) श्रीमती सविता बाजपेयी, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(4) श्री मारोतराव खवसे, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य,
(5) श्री रायसिंह राठौर, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य, तथा
(6) श्री जयराम सिंह मार्को, भूतपूर्व विधान सभा सदस्य.

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, श्री उमंग सिंघार, नेता प्रतिपक्ष एवं डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य द्वारा भी शोकोद्गार व्यक्त किये गए.

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई. सदन द्वारा 2 मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

तत्पश्चात् दिवंगतों के सम्मान में अपराह्न 12:08 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 11 मार्च, 2025 (फाल्गुन 20, 1946) के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

अवधेश प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 10 मार्च, 2025